# जिला कलेक्टर ने तिरंगा चित्रकारी प्रतियोगिता का किया अवलोकन

**गंगापुर सिटी ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन में राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और गौरव की भावना सुदृढ करने के उद्देश्य से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी के निर्देशन में शनिवार को जिले के समस्त विद्यालयों में तिरंगा फोटोज, तिरंगा सेलफिज एवं चित्रकारी प्रतियोगिता एवं तिरंगा शपथ के माध्यम से छात्र छात्राओं को राष्ट प्रेम और तिरंगे का महत्व बताया गया।

जिला कलक्टर ने बताया कि मा. मुख्यमन्त्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप स्वाधीन दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट प्रेम की भावना को प्रदेशवासियों के हृदय में सुदृढ करने के उद्देश्य से ''हर घर तिरंगा'' उत्सव अभियान स्तर पर मनाया जा रहा है। जिले में इस अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त विद्यालयों में राष्ट भक्ति की भावना से ओतप्रोत विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रहीं हैं जिनमें तिरंगा फोटोज, तिरंगा सेलफिज, तिरंगा शपथ एवं तिरंगा चित्रकारी प्रतियोगिता आदि गतिविधियाँ सम्मिलित हैं। इस गतिविधियों में सभी



तिरंगा चित्रकारी प्रतियोगिता का अवलोकन करने जिला कलेक्टर व अधिकारी।

■ **आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी के निर्देशन में शनिवार को जिले के समस्त विद्यालयों में तिरंगा फोटोज, तिरंगा सेलफिज एवं चित्रकारी प्रतियोगिता एवं तिरंगा शपथ के माध्यम से छात्र छात्राओं को राष्ट प्रेम और तिरंगे का महत्व बताया गया**

छात्र छात्राओं ने बढचढ कर भाग लिया और विजेताओं को विद्यालय स्तर पर संबन्धित संस्थान प्रधानों द्वारा सम्मानित भी किया गया है। डॉ. सैनी ने बताया कि इस कडी में 12 अगस्त को प्रातः 8 बजे जिला स्तर पर निर्धारित रूट के अनुसार तिरंगा दौड आयोजित की जाएगी। वहीं 13 अगस्त को सांय 4 बजे जिला एवं उपखण्ड स्तर पर तिरंगा रैली रवाना की जाएगी जिसमें साइकिल, बाइक, चौपइया वाहन एवं ट्रेक्टर सहित राजकीय कार्मिक एवं आमजन भाग लेंगे। जिला कलक्टर ने कहा कि 14 एवं 15 अगस्त को तिरंगा मेला और स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को तिरंगा कन्सर्ट आयोजित किया जायेगा। साथ ही इस दौरान प्लास्टिक से बने तिरंगों का इस्तेमाल नहीं करने के निर्देश जिला कलेक्टर ने सभी को दिए।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी में जिला कलक्टर ने तिरंगा चित्रकारी प्रतियोगिता का अवलोकन किया और छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

साथ ही तिरंगा रैली, तिरंगा दौड आदि उक्त कार्यक्रमों में अपने परिजनों के साथ अधिक से अधिक भाग लेकर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीना, प्रधानाचार्या राजेन्द्री मीना एवं प्रधानाचार्य ओमप्रकाश बैरवा सहित समस्त स्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ संबन्धित विद्यालय में उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने शहर में जल भराव क्षेत्रों का लिया जायजा

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने रविवार को शहर में वर्षा के कारण जल भराव क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने शहर के वजीरपुर गेट,पतंजलि क्षेत्र,पावर हाउस,गणेश गेट के बाहर बग्गीखाना क्षेत्र,गौशाला क्षेत्र,होली खिड़कियां, शिकारगंज, रणगवां ताल,अम्बेडकर तिराहा,हाथी घटा क्षेत्र सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आज दिन में हुई बरसात के दौरान पानी भरने की स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द पानी निकासी के निर्देश दिये एवं आगामी वर्षा के मौसम को देखते हुए अधिकारियों को सतर्क एवं सक्रिय रहकर कार्य करने के लिए भी कहा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल भराव एव अवरोध अतिक्रमण आदि कि जांच कर जल भराव समस्या के स्थाई समाधान की बात कही। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने नालियों की नियमित रूप से साफ सफाई करवाने के निर्देश नगर परिषद के अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ब्रजेश उपाध्याय,नगर परिषद के सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** प्रजापति विकास सेवा समिति की ओर से द्वितीय प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सेवर रोड स्थित एक मैरिज होम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग मौजूद रहे। प्रतिभावान सम्मान समारोह में डॉ. सुभाष गर्ग ने प्रजापति समाज के प्रतिभावान बालक बालिकाओं एवं राजकीय सेवा में चयनित होने वाले युवाओं के साथ ही खिलाडियों का सम्मान किया। कार्यक्रम को डॉ. गर्ग ने सम्बोधित करते हुये समाज के लोगों से आव्हान किया कि वे अपने बच्चों को पढा लिखाकर योग्य बनाये ताकि वे देश के विकास में सहभागी बन सके। डॉ. गर्ग ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजनों से प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहन मिलता है। समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चे जब शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हांसिल करते है तब खुशी मिलती है। इस दौरान डॉ. गर्ग का समाज के लोगों ने माला, साफा, पटका व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर सेवर प्रधान प्रतिनिधि सतीश सोगरवाल, कांठोस के शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी, पूर्व पार्षद समुन्दर सिंह, उदय सिंह, दिगम्बरसिंह खटाना, विजय सिंह, प्रेमसिंह प्रजापत, मांगीलाल, श्यामसिंह, हेमसिंह, संदीप कुमार, सुरेन्द्र सिंह, भरतसिंह, भगवान सिंह, राजेन्द्र, सुरेन्द्र सिंह सहित प्रजापति समाज के पदाधिकारी व सदस्य गण मौजूद रहे।

### नियंत्रण कक्ष स्थापित

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि पिछले कई दिनों से वर्षा का दौर जारी है जिससे चंबंल नदी,पांचना बांध, तालाब एवं नदियों का जलस्तर बढ़ गया है ! उन्होंने आमजन से अपील की है कि जल भराव वाले क्षेत्रों के किनारे पर कोई भी व्यक्ति नहाने धोने नहीं जाये एवं पशुओं को भी नहीं जाने दे। जिला कलक्टर ने बताया पांचना बांध से गंभीर नदी में पानी छोड़ा गया है, अतः गंभीर नदी के आसपास रहने वाले ग्रामीण व आमजन पानी के बहाव क्षेत्र से दूर रहे जिससे कि जान माल की हानि से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि किसी भी आपदा, बांध टूटने आदि की घटना परय घटना से बचाव के लिए जिला स्तर पर नियत्रणं कक्ष स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया जिला कलेक्ट्रेट करौली दूरभाष न0 07464-251335 एवं टोल फ्री न0 1077, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत करौली के दूरभाष 07464-250219 ,एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वृत करौली के मो0 9414022634 पर तत्काल संपर्क कर सूचना देवे।

### तुलसी जयन्ती मनाई

**भरतपुर ( निस )।** गोस्वामी तुलसीदास ने अपने कृतित्व में जीवनोपयोगी लिखा है। श्रीराम के चरित्र के माध्यम से आज के समाज में युगान्तकारी परिवर्तन लाया जा सकता है।'' ये विचार रामलीला समिति, भरतपुर के तत्वावधान में आयोजित तुलसी जयन्ती के अवसर पर अपने अध्यक्षीय उदबोधन में सेवानिवृत ए.जी.एम. योगेश कौशिक ने व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ. रामदास की पुस्तक 'मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का आदर्श चरित्र' की समीक्षा करते हुए संस्था अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक लेखक की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए श्रीराम के चरित्र की उदाात्ता का वर्णन किया। डॉ. रामदास शर्मा और प्रो0 अशोक गुप्ता ने तुलसी के महाकवि व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। तरूण साहित्यकार प्रियंका पुरोहित ने सरस्वती वंदना के साथ काव्य पाठ कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया। तदुपरांत बाल साहित्यकार जनेश गुप्ता ने तुलसी का रूचिकर ढंग से जीवन चरित्र प्रस्तुत किया। वरिष्ठ कवि नरेन्द्र 'निर्मल', सुरेश चतुर्वेदी, महेश सिंघल, गोविन्द डागुर, मनमोहन अभिलाषी, राकेश राजस्थानी आदि ने काव्य पाठ किया और सुरेश शर्मा, मुकेश माहेश्वरी, एस.एन. अठावाल आदि ने तुलसी के कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किये। जमुना प्रसाद शर्मा ने सरस भजन प्रस्तुत किया। वरिष्ठ कवि रेणुदीप गौड ने काव्य मंच संचालन किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश शर्मा, मदन मोहन गुप्ता, पंडित अर्जुन शर्मा, हरी पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं ने किया वृक्षारोपण

**सूरौठ ।** कस्बे की शिव कॉलोनी स्थित नेवला वाली बगीची पर विप्र फाउंडेशन के तहसील अध्यक्ष सियाराम शर्मा के नेतृत्व में आज वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें इस मौके पर विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे लगाए गए वह जिनकी रखरखाव की सभी सदस्यों ने जिम्मेदारी ली जिस पर इस मौके पर सूरौठ तहसील अध्यक्ष पूर्व बाबूलाल पाराशर, रामावतार शर्मा हुक्मीखेड़ा, नरेंद्र शर्मा हुक्मीखेड़ा ,सहित ओमप्रकाश शुक्ला, भगवान सहाय कटारा,राजगिरीश सहारिया, संतोष ढिंढोरा, सहित कई लोग इस मौके पर उपस्थित रहे।

### आरोपी पति गिरफ्तार

**पहाड़ी ( निस )।** विवाहिता की सदिग्ध अवस्था में मौत के मामले में उसके पति का गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया है। जहॉ से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार पहाडी निवासी पलेन्द्र सिह पुत्र धर्मसिह गूर्जर को जॉच में जुर्म बखूबी प्रमाणित होना पाऐ जाने पर गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया।जहॉ से उसे जेल भेज दिया गया है। गौरतलव है कि मृतका नीतू सिह का विवाह पहाडी के पालेन्द्र अध्यापक के साथ हिन्दु रीति रिवाज के साथ हुआ था। पिता ने रिपोर्ट में ससुर, सास व पति के खिलाफ दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाया था। पोस्टमार्टम के बाद शव का पीहर मे अन्तिम संस्कार किया गया था।

### आज अवकाश घोषित

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने जिले में हो रही अतिवृष्टि को देखते हुए जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का 12 अगस्त सोमवार को अवकाश घोषित किया है इसके अलावा जिला कलेक्टर ने समस्त संस्था प्रधानों को विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यालय भवन सुरक्षा के प्रति आश्वस्त होकर ही विद्यालय का आगामी दिवसों में संचालन करने, विपरीत परिस्थिति में तत्काल मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को सूचित करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

## रिमझिम सावन कार्यक्रम का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** भारत विकास परिषद की लोहागढ़ शाखा द्वारा इन दिनों चल रहे बरसात के सुहाने मौसम का सामूहिक आनंद लेने हेतु रिमझिम सावन कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय होटल शिव विलास पैलेस में स्विमिंग पूल के किनारे किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में शाखा सदस्यों ने संगीत की स्वर लहरियों के मध्य स्विमिंग पूल में जमकर मौज मस्ती करते हुए कई विशिष्ट खेल व पानी की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। पानी में हुए कपल गेम्स की विजेता अंकुर गुप्ता-खुशी की जोडी व उपविजेता अनिल खंडेलवाल- सरोज की जोड़ी रही। पूल किनारे हुई प्रतियोगिताओं में कपल्स गेम के विजेता गौरव शर्मा-श्वेता व उपविजेता विकास दीक्षित-मनीषा रहे। महिलाओं के वर्ग में सरोज लोहिया विजेता, पुरुषों में आशीष शर्मा विजेता व बच्चों के वर्ग में हेजल व कान्हा विजेता रहे। विमलेश पीतलिया के संयोजन में आयोजित

इस कार्यक्रम में सचिव अरविंद सिंह चौहान ने सभी उपस्थित सदस्यों को ठीन भरतपुर-क्लीन भरतपुर के उद्देश्य को पूरा करने के लिए वर्षाकाल में अधिकाधिक वृक्षारोपण के साथ साथ दैनिक जीवन में प्लास्टिक मुक्त संसाधनों के ही उपयोग का आ ान किया। कार्यक्रम के अंत में शाखा संरक्षक अनिल लोहिया द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को अपने नियमित क्रियाकलापों में जल व्यर्थ न बहाने की सामूहिक शपथ भी दिलाई गई।

इस कार्यक्रम के आयोजन में वरिष्ठ सदस्य राजेश गोयल, जी.एल. गुप्ता, राकेश गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

## महिलाओ के लिए हरियाली तीज पार्टी का आयोजन किया

**भरतपुर ( निस )।** सखी एंजिल संस्था के द्वारा महिलाओ के लिए हरियाली तीज पार्टी का आयोजन ब्रिज इन होटल भरतपुर में किया गया। संस्था की अध्यक्ष सीमा अग्रवाल ने बताया कि सखी एन्जेल संस्था द्वारा सावन के महीने में हरियाली तीज की चारो तरफ धूम रहती है।

इसी के चलते संस्था द्वारा हरियाली तीज पार्टी का आयोजन किया गया। महिलाओ को ड्रेस कोड लहरिया एवं लहंगा रखा गया। सभी को सोलह श्रृंगार करके आना था। जिससे प्रोठााम मे चार चाँद लग जाये। सभी मेंबर्स ड्रेसअप मे बहुत सुन्दर लग रहे थे। जिससे पार्टी मे रौनक आ गयी। सावन मे झूला ना हो तो सुना रहता है इसलिए सभी झूले का आनद लिया। महिलाओ के लिए सावन और राखी से सम्बंधित गेम रखे गये।



सखी एंजिल संस्था द्वारा हरियाली तीज पार्टी का आयोजन किया गया।

वही सभी ने बारिश मे पकौड़ौ का आनन्द लिया और सेल्फी पोइन्ट बनाया गया। सभी मैंम्बरस ने मन भर कर झूला, झूला और फोटो खिचवाई। एन्जेल चांदनी, तरुना, नेहा मुक्ता, प्रीती कंसल, ललतेश, वन्दना अलका आदि ने सावन के गानों पर डान्स किया। जिससे सभी ने बहुत ही एन्जोय किया। इस प्रोठााम की संयोजिका एन्जेल तरूना आर्य ने तीज सम्बंधित प्रश्न पूछे, जिसमें सभी मेंबर्स ने बड़ी चढ़ कर उत्तर दिये और उत्तर देने बाले को गिफ्ट दिए गये। संस्था की सचिव नीरा गर्ग ने बताया कि फन गेम्स में एन्जेल आभा विजेता रही, गेम्स में प्रीती बंसल प्रथम, द्वितीय प्रीती कंसल रही। दूसरे ठाुप गेम में मुक्ता प्रथम और द्वितीय चांदनी रही। सभी सखियों ने बहुत ही इन्जोय किया। अन्त में सभी सखियां सावन एवं मल्हार पर खूब ही थिरकीं एवं मस्ती की। सभी ने खाने का आनन्द लिया। विनर और डांस परफॉर्मेंस वाले सभी मेम्बर्स को अट्रेक्टिव प्राइज देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे एंजल अलका, आशा अग्रवाल , अनीता कालरा, लीपिका, विमलेश, प्रीती कंसल, राधिका, मोनिका, ललतेस, नीरू, हेमा, आशा, नीतू, तरूना, कृष्णा गुप्ता, प्रीती बंसल, कुसुम, अनु अरौरा, अंचल अग्रवाल आदि मेंबर्स उपस्थित रहे।

## असहाय पीडित प्रभूजन को पहुंचाया अपना घर

**गंगापुर सिटी ।** स्थानीय अपना घर सेवा समिति कार्यकर्ताओ ने एक असहाय प्रभूजन को अपना घर पहुंचा कर उसकी चिकित्सीय व्यवस्था कर करवाई। गंगापुर सिटी के अध्यक्ष रमेश चंद पट्टीवालों को नरेन्द्र जैन द्वारा सूचना मिली कि एक पुरुष प्रभुजी रेल्वे स्टेशन प्लेट फॉर्म नंबर दो गंगापुर सिटी पर लावारिस स्थिति में मौजूद है।

इस सूचना पर समिति के संरक्षक मोतीलाल रावत, समिति अध्यक्ष रमेश चंद पट्टीवाले, महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती मंजू लता मौर्य, कार्यकारिणी सदस्य चोखेलाल वर्मा एवं जीआरपी थाना गंगापुर सिटी से अधिकारी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे प्रभुजी से वार्ता करने की कोशिश की लेकिन प्रभु जी बोलने में असमर्थ थे। इस पर



एम्बूलेंस के माध्यम से प्रभूजन को अपना घर ले जाते पदाधिकारी।

जीआरपी थाना गंगापुर सिटी से आवश्यक कार्रवाई कर प्रभुजी को एंबुलेंस द्वारा अपना घर आश्रम भिजवाया गया। प्रभुजी को साथ लेकर सेवा साथी के रूप में मोतीलाल रावत एवं चोखे लाल वर्मा आश्रम तक पहुंचाने गए। इस कार्य में थाना जी.आर.पी.गंगापुर सिटी के अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

## शिवाडधाम बस यात्रा 1 सितम्बर को

**गंगापुर सिटी ।** गंगापुरसिटी से शिवाडधाम के लिये बस यात्रा 1 सितंबर रविवार को सुबह 7 बजे शहर के तीन स्थानों श्री कुशालगढ के श्याम बाबा के मंदिर से, कर्मचारी कॉलोनी से एवं ट्रक यूनियन स्थित डॉ . महरवाल के समीप से प्रस्थान करेगी। बस यात्रा में जानेवाले यात्रियों के लिए अल्पाहार व आवास व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। बस यात्रा 1 सितंबर को ही रात 9 बजे गंगापुरसिटी वापिस आ जाएगी। यह बस यात्रा गंगापुरसिटी से सुबह 7 बजे रवाना होकर वाया चौथ का बरवाडा होकर चौथमाता के दर्शन कर 1 सितंबर को दोपहर 1 बजे शिवाडधाम पहुंचेगी। शिवाडधाम मे भगवान शिव की पूजा अर्चना के बाद सभी यात्रियों के लिए भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।

यात्रा मण्डल के व्यवस्थापक कैलाशचन्द शर्मा एडवोकेट ने बताया कि इस सम्बन्ध मे विभिन्न व्यवस्थाओ की तैयारी के लिये आयोजित बैठक मे यात्रा मण्डल के सदस्य पण्डित जयगोविन्द शर्मा, वीरेन्द्र कुमार जंगम, वेदप्रकाश शर्मा, गोपाल लाल गुप्ता सलेमपुर, महेन्द्र कुमार गुप्ता एकाउण्टेण्ट, गोविन्द प्रसाद बंसल, हरीश कालरा, पवन कुमार गौतम, महेन्द्र कुमार गोयल, धर्मु फोटोग्राफर, रामभरोसी हलवाईं, पुरुषोत्तम अग्रवाल सहित कइ सदस्य उपस्थित रहे।

## तृतीय पद यात्रा सूरौठ कस्बे से रवाना

**सूरौठ ।** श्री गोवर्धन जी भक्त मंडल के तत्वाधान में श्री गोवर्धन जी महाराज की तृतीय पदयात्रा सूरौठ कस्बे के लोकप्रिय आराध्य देव बूडन्दे बाबा मंदिर परिसर से रवाना हुई श्री गोवर्धन जी महाराज की तृतीय पदयात्रा के रथ को मंदिर के महंत हल्के मीना व समाजसेवी भगवान सिंघल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

इससे पूर्व विधि विधान से मंदिर के महंत के द्वारा विधि विधान से श्री गोवर्धन जी महाराज और धर्म ध्वजा की पूजा अर्चना के बाद श्री गोवर्धन जी महाराज के रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

कार्यकर्ता दीपक सिंघल, अवधेश शर्मा पुरूषोत्तम बंशीवाल नीरज बंशीवाल अमरसिंह मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान गांव में भगवान श्री गिरिराज जी महाराज की जयकारों से धर्ममय वातावरण हो गया यात्रा में बड़ी संख्या में यात्री नाचते कूदते रवाना हुए हैं

,इस अवसर पर अमर सिंह मीना, अवधेश शर्मा,पंचायत समिति सदस्य बृजेश भारद्वाज भोला मीना ,संजय जिंदल, राजेश मीना, देवीसिंह मीना, प्रमोद तिवारी, संतोष पहाड़ियां विनोद मित्तल,दीपक सिंघल, मनीष जिंदल सत्तों ताली, अनिल सिंघल जटवाड़ा महेश मीना, पप्पू प्रजापत, हरभजनसिंह मीना,सहित श्री गोवर्धन भक्त मंडल के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे

## जिला कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ जल क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**भरतपुर ( निस )।** जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने लगातार बर्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव को देखते हुए अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया तथा जल संसाधन, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं पंचायती राज विभाग को लगातार आमजन से सम्पर्क रखते हुए ऐतिहात बरतने के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ सेवला हैड का निरीक्षण कर करौली के पांचना बांध से गंभीर नदी में पानी की आवक को देखते हुए सेवला हैड से घना पक्षी अभ्यारण्य में पानी पहुॅचाने के लिए किये जा रहे प्रबंधों की जानकारी ली। उन्होंने जल संसाधन विभाग को सेवला हैड के गेटों की जांच कर पानी की आवक होते ही घना अभ्यारण्य तक पानी पहुॅचाने की व्यवस्था सुचारू रूप से करने के निर्देश दिये। उन्होंने गंभीर नदी के आस-पास बसे गांवों में भी मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ठााम ब्रहमबाद, घाटा कैनाल, ओंडेला जाट, बकौली, सालाबाद हैड सहित विभिन्न क्षेत्रों में मौके पर जाकर आमजन से रूबरू हुए तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लिया। जिला कलेक्टर डॉ. यादव ने जिले के सभी उपखण्ड अधिकारियों, पुलिस उपाधीक्षक, खण्ड विकास अधिकारियों एवं सम्बन्धित



जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने लगातार बर्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव को देखते हुए अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया

■ **जिला कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ सेवला हैड का निरीक्षण कर करौली के पांचना बांध से गंभीर नदी में पानी की आवक को देखते हुए सेवला हैड से घना पक्षी अभ्यारण्य में पानी पहुॅचाने के लिए किये जा रहे प्रबंधों की जानकारी ली। उन्होंने जल संसाधन विभाग को सेवला हैड के गेटों की जांच कर पानी की आवक होते ही घना अभ्यारण्य तक पानी पहुॅचाने की व्यवस्था सुचारू रूप से करने के निर्देश दिये।**

विभागों को निर्देश जारी किये हैं कि जलभराव क्षेत्रों नदी, नालों, पोखरों एवं नहरों के आस-पास बच्चों को महिलाओं को नहीं जाने दें। उन्होंने ठााम पंचायत मुख्यालयों पर नियुक्त ठााम विकास अधिकारियों, पटवारियों को भी निर्देशित किया है कि जलभराव क्षेत्रों में वर्षा की लगातार संभावना को देखते हुए ठाामीणों को जलस्त्रोतों के आस-पास भ्रमण करने, नहाने के लिए नहीं जाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने पंचायती राज विभाग, जल संसाधन विभाग को अपने स्वामित्व वाले सभी जलस्त्रोतों पर चेतावनी बोर्ड लगाकर वर्षा के दौरान आमजन को सावचेत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि मौसम विभाग द्वारा लगातार वर्षा की चेतावनी को देखते हुए नदी, नालों, पोखरों एवं जलबहाव क्षेत्रों के आस-पास नहीं जायें, किसी भी समय पानी की आवक बढ़ सकती है।

## पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह को श्रद्धा सुमन किए अर्पित

**भरतपुर ( निस )।** भारत सरकार में रहे पूर्व विदेश मंत्री कुंवर नटवर सिंह का लंबी बीमारी के चलते दिल्ली के वेदांता अस्पताल में शनिवार रात्रि को निधन हो गया। उनके निधन की खबर पाकर भरतपुर में शोक की लहर फैल गई। पूर्व विदेश मंत्री कुंवर नटवर सिंह का दिल्ली के वेदांता अस्पताल में काफी समय से इलाज चल रहा था। वेदांता अस्पताल में पूर्व विदेश मंत्री ने अन्तिम सांस ली।

जिसके बाद उनके पुत्र विधायक कुंवर जगत सिंह अपने निवास दिल्ली के डेरा गांव से गए। सोशल मीडिया के माध्यम से उनके चाहने वालों ने शोक-संवेदना व्यक्त की, साथ ही कुछ ख़ास कार्यकर्ता तुरंत दिल्ली के लिए रवाना हो गए। दिल्ली के डेरा गांव पहुंच कर कुंवर नटवर सिंह के अन्तिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कुंवर नटवर सिंह को भरतपुर जिले के विकास पुरुष जघीना निवासी के रूप में जाना जाता हैं। कुंवर नटवर सिंह ने अपने भरतपुर क्षेत्र का दुनिया में नाम रोशन करने में विशेष भूमिका निभाई। दाह-संस्कार सोमवार दोपहर बाद लोधी रोड दिल्ली पर किया जाएगा। राजनीति में दो बार सांसद रहे, एक बार राज्यसभा सांसद, दो बार मंत्री रहकर भरतपुर जिले को विशेष सौगात दी। आज भरतपुर जिले सहित पूरे हिन्दुस्तान को दुखद समाचार सुनकर मन अत्यंत दुख हुआ। पूर्व विदेश मंत्री कु. नटवर सिंह के निधन पर जिला परिषद सदस्य कुँ गोरधन सिंह रीठौटी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुये शोक संतप्त परिवार को दुःख की घडी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। कुँ गोरधन ने शोक प्रकट करते हुये कहा कि कु. नटवर सिंह राजनीति के पुरोधा थे। वे विदेश नीति व अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के विशेषज्ञ थे। उनके द्वारा विदेश नीति तथा देशहित में किये गये कार्यों को भूलाया नहीं जा सकता। कुँ नटवर सिंह के चले जाने से समस्त भरतपुर को भारी क्षित हुई है। कुँ गोरधन ने स्व. नटवर सिंह को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुये ईश्वर से उन्हें शांति प्रदान करने की कामना की। समृद्ध भारत अभियान के संयोजक सीताराम गुप्ता ने दिल्ली जाकर कुंवर नटवर सिंह के पार्थिव शव पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोक श्रदांजली व्यक्त की। नटवर सिंह के सुपुत्र विधायक जगत सिंह को ढाढस बंधाया। पूर्व विदेश मंत्री कु. नटवर सिंह के निधन पर भरतपुर विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुये शोक संतप्त परिवार को दुःख की घडी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। डॉ. गर्ग ने शोक प्रकट करते हुये कहा कि कु. नटवर सिंह राजनीति के पुरोधा थे। वे विदेश नीति व अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के विशेषज्ञ थे। उनके द्वारा विदेश नीति तथा देशहित में किये गये कार्यों को भूलाया नहीं जा सकता। डॉ. गर्ग ने स्व. नटवर सिंह को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुये ईश्वर से उन्हें शांति प्रदान करने की कामना की। किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने देश के पूर्व विदेश मंत्री रहे कुँवर नटवर सिंह के निधन पर दुःख प्रकट करते हुऐ श्रदांजली दी।

किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि स्वर्गीय कुँवर नटवर सिंह विदेश मामलों के बड़े जानकार थे। वे विदेश नीति और अनेक भाषाओं के जानकार थे। उन्होंने जाने माने राजनायिक के तौर कर दुनिया के कई मुल्कों में भारत की सेवा करते हुऐ अनेक महत्वपूर्ण मामलों में भारत का प्रभावी पक्ष रखा था। उन्होंने जाट समाज का महत्वपूर्ण इतिहास भी लिखा। उन्होंने देश की राजनीति में अपनी मजबूत पकड़ बनाई और उस राजनैतिक असर से बड़ी संख्या में लोगों की मदद की। पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन पर वरिष्ठ कांठोस नेता अवधेश कुमार शर्मा ने शोक व्यक्त करते हुए हार्दिक श्रृंद्धाजली अर्पित की है तथा ईश्वर से प्रार्थना की है कि उनको अपने चरणों में स्थान दे तथा उनके परिवार को इस संकट की घड़ी में साहस प्रदान करे। कांठोस नेता अवधेश कुमार शर्मा ने कहा कि दिवगंत पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह ने भरतपुर जिले के साथ-साथ भारत देश अर्न्तराष्ट्रीय पटल पर सम्मान पूर्वक स्थान दिलवाया तथा भारत का लोहा मनवाया।